95

"आपको विश्वास दिलाने के लिए ज़्या करना होगा"

बाइबल पाठ #43

VIII. यीशु का पुनरुत्थान, दर्शन, और स्वर्गारोहण (क्रमशः)।
  क. रविवार: यीशु के पुनरुत्थान का दिन (क्रमशः)।
    7. पांचवीं बार दिखाई देना: प्रेरितों को (थोमा के बिना) (मरकुस 16:14; लूका 24:36-43; यूहन्ना 20:19-25)।
  ख. चालीस दिन (देखें प्रेरितों 1:3)।
    1. छठी बार दिखाई देना: प्रेरितों को (थोमा के साथ) एक सप्ताह बाद यहूदिया में (यूहन्ना 20:26-31; 1 कुरिन्थियों 15:5)।
    2. सातवीं बार दिखाई देना: चालीस दिनों के दौरान इसी समय गलील में कम से कम सात चेलों को (यूहन्ना 21:1-24)।

परिचय

प्रेरितों के काम पुस्तक के परिचय में लूका ने "उन प्रेरितों" के विषय में लिखा "जिन्हें [मसीह] ने चुना था" (प्रेरितों 1:2)। फिर उसने कहा कि "दुख उठाने के बाद बहुत से पक्के प्रमाणों से [यीशु ने] अपने आप को उन्हें जीवित दिखाया और चालीस दिन तक उन्हें दिखाई देता रहा:[1] और परमेश्वर के राज्य की बातें करता रहा" (प्रेरितों 1:3)। चालीस दिन तक क्यों? प्रभु अपने ऊपर उठाए जाने से पहले प्रेरितों को शिक्षा तथा चुनौतियां देना चाहता था। इससे भी महत्वपूर्ण, वह अपने प्रेरितों को विश्वास दिलाने के लिए कि वह सचमुच जी उठा है, अधिक से अधिक समय देना चाहता था। वह उनके मनों में कोई संदेह नहीं रहने देना चाहता था।

उन अन्तिम चालीस दिनों के दौरान, यीशु अपने अनुयायियों को बार-बार दर्शन देता होगा। उन में से दस दर्शनों के बारे में बताया गया है, जिनमें से पांच तो उसी दिन के हैं, जिस दिन वह जी उठा था। उन पांच में से चार दर्शनों की चर्चा हम कर चुके हैं: मरियम मगदलीनी को, दूसरी स्त्रियों को, पतरस को और इम्माउस के मार्ग पर जा रहे दो लोगों को दिखाई देना। इस प्रस्तुति में[2] हम जी उठने के दिन यीशु के पांचवें दर्शन का अध्ययन करेंगे। फिर हम अगले दो दर्शनों पर चर्चा करेंगे। तीन दर्शन जिन पर हम बात करेंगे, मुख्यतया

प्रेरितों के लाभ के लिए हैं। मसीह उन्हें अपने जी उठने के ''विश्वास दिलाने वाले प्रमाण'' दे रहा था। किस बात ने उन ग्यारह को विश्वास दिलाया कि यीशु जी उठा था? आज कौन सी बात से लोगों को विश्वास आएगा?

दस प्रेरितों को विश्वास दिलाने के लिए क़्या करना पड़ा (मरकुस 16:14; लूका 24:36-43; यूहन्ना 20:19-25)

अपने प्रेरितों को यह साबित करने के लिए कि वह मरे हुओं में से जी उठा है, यीशु एक-एक कदम आगे बढ़ा। पहले तो, उन्हें पता चला कि स्वर्गदूतों ने उसके जी उठने की घोषणा की है। फिर दूसरों ने उन्हें बताया कि उन्होंने जी उठे प्रभु को देखा है, परन्तु प्रेरितों को अभी भी विश्वास नहीं हो रहा था। अन्त में, मसीह के लिए व्यक्तिगत रूप से उनके सभी संदेह मिटाने के लिए स्वयं दिखाई देने का समय आ गया।

प्रेरितों को विश्वास हुआ

यूहन्ना के अनुसार, ''उसी दिन जो सप्ताह का पहला दिन था, संध्या के समय'' (यूहन्ना 20:19क)। समय की यहूदी गणना (सूर्यास्त से सूर्योदय) से, यह सप्ताह का दूसरा दिन होगा; परन्तु जैसा कि हमने देखा है, यूहन्ना ने रोमी गणना (मध्य रात्रि से मध्य रात्रि) का इस्तेमाल किया।[3] स्पष्टतया यूहन्ना के लिए सप्ताह के पहले दिन अर्थात यीशु के जी उठने के दिन होने वाली घटनाओं में प्रेरितों को दर्शन देने की घटना शामिल करना आवश्यक था।[4]

हमें सही-सही मालूम नहीं है कि प्रेरित कहां ठहरे हुए थे;[5] पर जहां भी थे, ''यहूदियों के डर के मारे'' (यूहन्ना 20:19ख) उन्होंने अन्दर से दरवाज़े बन्द कर रखे थे। दूसरे चेले भी उनके साथ थे (देखें लूका 24:33, 36), परन्तु मसीह का ध्यान मुख्यतया प्रेरितों पर ही केन्द्रित था (देखें मरकुस 16:14)। थोमा को छोड़कर (यूहन्ना 20:24) वे ग्यारह एक साथ उस शाम उपस्थित थे (मरकुस 16:14)।

प्रेरित ''भोजन करने बैठे थे'' (मरकुस 16:14क)।[6] उन्होंने शाम का भोजन आरम्भ किया ही था (देखें लूका 24:41, 42) कि क्लियोपास और उसका मित्र रोमांच से भरे मार्ग में यीशु के दर्शन की बात बताने के लिए आ गए (मरकुस 16:12, 13; लूका 24:33-35)।

कुछ को उनकी बात पर विश्वास हो गया कि उन्होंने यीशु को देखा है (लूका 24:34), पर दूसरों को विश्वास नहीं हुआ (मरकुस 16:13)।[7] उनमें गर्मा-गर्म बहस चल रही होगी, तभी अचानक यीशु ''आप ही उन के बीच में आ खड़ा हुआ'' (लूका 24:36) और कहने लगा, ''तुम्हें शांति मिले'' (यूहन्ना 20:19ग)।

प्रेरित ''घबरा गए और डर गए, और समझे कि हम किसी भूत को देख रहे हैं'' (लूका 24:37)।[8] विश्वास करने की उनकी हिचकिचाहट से आहत, यीशु ने ''उन के अविश्वास और मन की कठोरता पर उलाहना दिया, क्योंकि जिन्होंने उसके जी उठने के बाद उसे देखा था, उन्होंने उनकी प्रतीति न की थी'' (मरकुस 16:14ख)। प्रेरितों ने कम से कम दो पुरुषों तथा शायद आधा दर्जन स्त्रियों की गवाही सुनी थी; उन्हें प्रमाण की कमी नहीं थी। उसने उनसे

पूछा, ''क्यों घबराते हो ? और तुम्हारे मन में क्यों संदेह उठते हैं ?'' (लूका 24:38)।

वह उनके सब संदेह दूर करने के लिए आया था। उसने कहा, ''मेरे हाथ और मेरे पांव को देखो कि मैं वही हूं। मुझे छूकर देखो, क्योंकि आत्मा के हड्डी मांस नहीं होता जैसा मुझ में देखते हो'' (लूका 24:39)। फिर ''उस ने उन्हें अपने हाथ-पांव दिखाए'' (लूका 24:40ख), जिनमें रोमी कीलों के निशान अभी भी थे (देखें यूहन्ना 20:25, 27)। उसने उन्हें ''अपना पंजर'' भी दिखाया (यूहन्ना 20:20क), जिसमें घाव खुला ही था (देखें यूहन्ना 20:25, 27)।

''तब चेले ... आनन्दित हुए'' (यूहन्ना 20:20ख), परन्तु उनके मन की दुविधा अभी दूर नहीं हुई थी, क्योंकि यीशु के जीवित होने की बात उन्हें सपना ही लग रही थी। लूका ने इसे इस प्रकार लिखा है: ''आनन्द के मारे उन्हें प्रतीति न हुई, और वे आश्चर्य करते थे'' (लूका 24:41क)। अन्तिम प्रमाण देने के लिए कि वह सचमुच वही था न कि कोई भूत प्रेत, यीशु ने पूछा ''क्या यहां तुम्हारे पास कुछ भोजन है ?'' (लूका 24:41ख)। ''उन्होंने उसे भुनी मछली का टुकड़ा दिया। उस ने लेकर उन के सामने खाया'' (लूका 24:42, 43)।

यह अन्तिम प्रमाण था, जो उन्हें चाहिए था। यीशु ने फिर कहा, ''तुम्हें शांति मिले'' (यूहन्ना 20:21क)। उनके मन शांति से भर गए थे; उनका प्रभु जीवित था (देखें यूहन्ना 20:25क)!

प्रेरितों को आज्ञा दी गई

यीशु ने अगले चालीस दिनों के दौरान प्रेरितों को बहुत कुछ सिखाना था (देखें प्रेरितों 1:3), परन्तु सबसे महत्वपूर्ण उसकी महान आज्ञा होनी थी (मत्ती 28:19, 20; मरकुस 16:15, 16)। मसीह के प्रेरितों को विश्वास दिलाने के बाद कि वह जीवित है, उन्हें उसके अगले शब्दों से उस आज्ञा को देने और पूरा करने का पूर्वाभास हुआ।

उसने उस आज्ञा को पूरा करने के लिए अपनाए जाने वाले *ढंग* की बात की: ''... जैसे पिता ने मुझे भेजा है, वैसे ही मैं भी तुम्हें भेजता हूं'' (यूहन्ना 20:21ख)।[9] ''प्रेरित'' शब्द का अर्थ है ''भेजा हुआ।'' उनके ''भेजे जाने'' पर विस्तार में हम बाद में बात करेंगे (मत्ती 28:18-20; मरकुस 16:15, 16)।

उसने उस आज्ञा को पूरा करने के लिए उन्हें मिलने वाली *सामर्थ* की बात की: ''यह कहकर उस ने उन पर फूंका और उन से कहा, पवित्र आत्मा लो'' (यूहन्ना 20:22)। प्रेरितों पर मसीह के फूंक मारने से उन्हें उसी समय आत्मा से परिपूर्ण नहीं कर दिया गया। पवित्र आत्मा का दिया जाना अभी भविष्य में होना था (देखें लूका 24:49; यूहन्ना 7:39; प्रेरितों 1:4, 5, 8; 2:4)। यह कई सप्ताह बाद आत्मा के उण्डेले जाने को ध्यान में रखकर किया गया प्रदर्शन था।[10] यहूदियों के पर्व पिन्तेकुस्त के दिन प्रेरितों को पवित्र आत्मा से बपतिस्मा दिया जाना था, जिससे उन्हें सुसमाचार को संसार में ले जाने के लिए सामर्थ मिलनी थी।[11]

उसने उस *उद्देश्य* की बात की, जिसके लिए वह आज्ञा दी जानी थी। उसने उन्हें बताया, ''जिस के पाप तुम क्षमा करो वे उन के लिए क्षमा किए गए हैं, जिन के तुम रखो,

वे रखे गए हैं'' (यूहन्ना 20:23)।[12] इसका अर्थ यह नहीं था कि प्रेरित अपनी इच्छा से कुछ लोगों को क्षमा करने और दूसरों को नहीं करने का निर्णय ले सकते थे, बल्कि प्रभु पापों की क्षमा की बात कर रहा था, जिस पर प्रेरितों के परमेश्वर की प्रेरणा से किए गए प्रचार में ज़ोर दिया जाना था। उनकी शिक्षा को मान लेने वालों को क्षमा किया जाना था, जबकि उनकी शिक्षा को ठुकराने वालों को नहीं (प्रेरितों 2:36-38, 41, 47)।

प्रेरितों को दी गई चुनौती

कुछ समय पहले, ''बारहों में से एक व्यक्ति अर्थात थोमा जो दिदुमुस[13] कहलाता है, जब यीशु आया तो उन के साथ न था'' (यूहन्ना 20:24)। जब यह अनुपस्थित चेला वापस आया, तो दूसरे चेलों ने उसे बताया, ''हम ने प्रभु को देखा है'' (यूहन्ना 20:25क)। उसे विश्वास नहीं हुआ: ''जब तक मैं उस के हाथों में कीलों के छेद न देख लूं और कीलों के छेदों में अपनी उंगली न डाल लूं और उसके पंजर में अपना हाथ न डाल लूं, तब तक मैं प्रतीति नहीं करूंगा'' (यूहन्ना 20:25ख)।

एक प्रेरित को विश्वास दिलाने के लिए क्या करना पड़ा (यूहन्ना 20:26-31; 1 कुरिन्थियों 15:5ख)

एक सप्ताह बीत गया। प्रेरितों को गलील में जाने के लिए कहा गया था (मत्ती 28:10), परन्तु उन्होंने जाने में समय लगा दिया। थोमा को विश्वास होने से पहले वे जाने को तैयार नहीं थे, क्योंकि उनके मन अभी विश्वास में एक नहीं थे।[14] हम नहीं जानते कि दोबारा दर्शन देने के लिए प्रभु ने एक सप्ताह तक प्रतीक्षा क्यों की। शायद वह चाहता था कि चेले बताएं कि उन्होंने क्या देखा था।

''देखने से विश्वास होता है।''

अन्त में, ''आठ दिन के बाद[15] उसके चेले फिर घर [वह कमरा जहां वे रह रहे थे] के भीतर थे, और थोमा उनके साथ था'' (यूहन्ना 20:26क), जब यीशु दूसरी बार उन पर प्रकट हुआ (1 कुरिन्थियों 15:5ख)। दृश्य एक सप्ताह पहले वाला ही था (दरवाज़े बन्द थे), और प्रभु का सलाम देने का ढंग भी वही था: ''तुम्हें शांति मिले'' (यूहन्ना 20:26ख)।

यह दर्शन विशेषकर थोमा के लाभ के लिए था। संदेह करने वाले से मसीह ने कहा, ''अपनी उंगली यहां लाकर मेरे हाथों को देख, और अपना हाथ लाकर मेरे पंजर में डाल, और अविश्वासी नहीं, परन्तु विश्वासी हो'' (यूहन्ना 20:27)। थोमा का उत्तर ''तुरन्त, पूरी तरह से समझ आने वाला और सचमुच शानदार था; इतने स्पष्ट शब्दों में मसीह के परमेश्वर होने का अंगीकार करने वाला पहला व्यक्ति वही था'':[16] ''हे मेरे प्रभु, हे मेरे परमेश्वर!''[17] (यूहन्ना 20:28)। जे. डब्ल्यू. मैक्गर्वे ने लिखा है:

> थोमा के पक्ष में यह कहा जाना चाहिए कि यदि उसके संदेह बहुत भारी थे,

तो विश्वास का उसका अंगीकार सबसे सम्पूर्ण था। जी उठने के बारे में उसके संदेह अधिक थे क्योंकि उसके लिए इसका बहुत महत्व था; इसका अर्थ यह था कि यीशु परमेश्वर के अलावा और कोई नहीं।[18]

''विश्वास देखने से होता है।''

मसीह ने थोमा से कहा, ''तू ने तो मुझे देखकर विश्वास किया है'' (यूहन्ना 20:29क)। यह डांट थोमा को तो थी ही, परन्तु यह सब प्रेरितों के लिए भी थी (देखें मरकुस 16:14)। उन में से *किसी ने भी* तब तक विश्वास नहीं किया था, जब तक उन्होंने उसे देखा नहीं था।

फिर प्रभु ने जोड़ा, ''धन्य वे हैं जिन्होंने बिना देखे विश्वास किया'' (यूहन्ना 20:29ख)। इन शब्दों में, यीशु ने उन लोगों को आशीष दी, जिन्होंने उसे देखने से पहले ही उसके जी उठने पर विश्वास कर लिया था।[19] इसका अर्थ यह भी है कि यह हम में से उन लोगों पर भी आशीष है, जिन्होंने जी उठे प्रभु को अपनी इन आंखों से नहीं देखा है, परन्तु फिर भी विश्वास करते हैं। पतरस ने जिसने मसीह के ये शब्द सुने थे, बाद में लिखा, ''उससे तुम बिन देखे प्रेम रखते हो, और अब तो उस पर बिन देखे भी विश्वास करके ऐसे आनन्दित और मगन होते हो, जो वर्णन से बाहर और महिमा से भरा हुआ है'' (1 पतरस 1:8)।

एक पुरानी कहावत है: ''देखने से विश्वास होता है।'' एक अर्थ में, इसका उलटा भी सही है: ''विश्वास देखने से होता है।'' जब हम प्रभु में विश्वास लाते हैं, तो हम जीवन को एक अलग ढंग में ''देखते'' (समझते हैं), क्योंकि हम ''देखते'' (समझते) हैं कि जीवन क्या है। फिर हम ''अति आनन्द और महिमा से भरकर बहुत आनन्दित होते हैं।''

यदि हम यीशु को अपनी इन आंखों से नहीं देख सकते, तो विश्वास कैसे कर सकते हैं? यूहन्ना ने परमेश्वर की प्रेरणा से दी गई एक टिप्पणी में इस प्रश्न का उत्तर दिया था। उसने यह कहते हुए आरम्भ किया, ''यीशु ने और भी बहुत चिह्न चेलों के साम्हने दिखाए, जो इस [यूहन्ना की] पुस्तक में लिखे नहीं गए'' (यूहन्ना 20:30; देखें 21:25)। यह विचार करने पर कि यूहन्ना की पुस्तक में लिखे गए ''और चिह्न'' मत्ती, मरकुस और लूका में नहीं लिखे गए, इस वाक्य की सच्चाई स्पष्ट हो जाती है।

यूहन्ना ने आगे कहा, ''परन्तु ये इसलिए लिखे गए हैं, कि तुम विश्वास करो, कि यीशु परमेश्वर का पुत्र है: और विश्वास करके उसके नाम से जीवन पाओ'' (यूहन्ना 20:31)।[20] यूहन्ना के अनुसार, यीशु के जीवन *की लिखी गई बातें* उद्धार वाला विश्वास दिलाने के लिए काफ़ी हैं। पहले मसीह ने उनकी बात की थी, जिन्होंने *प्रेरितों की शिक्षा के द्वारा* उस पर विश्वास लाना था (यूहन्ना 17:20)। बाद में पौलुस ने लिखा, ''सो विश्वास सुनने से, और सुनना मसीह के वचन से होता है'' (रोमियों 10:17)। धन्य हैं वे जिन्होंने यीशु को इन आंखों से नहीं देखा पर नये नियम में परमेश्वर की प्रेरणा से दी गई गवाही के कारण उसमें विश्वास लाते हैं!

सात चेलों को विश्वास दिलाने के लिए ज़्या करना पड़ा (यूहन्ना 21:1-24)

दृश्य बदलकर अब यहूदिया से गलील में चला जाता है। यीशु ने अपने चेलों को बताया था कि वह उन्हें गलील में मिलेगा (मत्ती 26:32; 28:7)। यीशु ने गलील में "अपने आप को तिबिरियास झील के किनारे तीसरी बार[21] चेलों पर प्रकट किया" (यूहन्ना 21:1, 14), जो गलील की झील का दूसरा नाम था (यूहन्ना 6:1)।[22] हम पक्का नहीं जानते कि यह कब हुआ। यूहन्ना 6:1 केवल इतना कहता है कि "इन बातों के बाद" यानी, यहूदिया में प्रेरितों पर दो बार प्रकट होने के बाद, चालीस दिनों के दौरान ही कहीं वह प्रकट हुआ।

कुछ प्रेरितों को याद दिलाया गया

गलील की झील में कुछ चेले अर्थात "शमौन पतरस और थोमा जो दिदुमुस कहलाता है, और गलील के काना नगर का नतनएल[23] और जब्दी के पुत्र [याकूब और यूहन्ना], और उसके चेलों में से दो और जन इकट्ठे थे" (यूहन्ना 21:2)।[24] प्रेरितों की यह पसंदीदा जगह थी; यीशु के जीवन की कई प्रसिद्ध घटनाएं झील के इस या उस पार ही हुई थीं।[25] विशेषकर यह पतरस, याकूब और यूहन्ना की पसंदीदा जगह थी, जो यीशु के चेले बनने से पहले मछुआरे थे (मत्ती 4:18–22)।

शायद चेलों को यहां आए कुछ समय हो चुका था। पतरस बेचैन हो रहा था। उसने कहा, "मैं मछली पकड़ने को जाता हूं" (यूहन्ना 21:3क)। दूसरों ने उत्तर दिया, "हम भी तेरे साथ चलते हैं" (आयत 3ख)। कुछ लोग इसका अर्थ यह निकालते हैं कि इन लोगों ने अपनी प्रेरिताई से समझौता कर लिया था। वे अपने लिए प्रभु की भावी योजनाओं के बारे में उलझन में थे, परन्तु हमें यह निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए कि वे अपनी वचनबद्धता से पीछे हट गए थे। फिलिप पैंडलटन ने लिखा है:

> मछलियां पकड़ने के लिए जाने से उनका अर्थ प्रेरिताई को छोड़ना नहीं था; वे तो आगे की घटनाओं की प्रतीक्षा करते हुए समय का इस्तेमाल कर रहे थे; पर अपने पुराने व्यवसाय में लौटकर वे अपने आप को बड़ी परीक्षा में भी डाल रहे थे [लूका 9:62]।[26]

वे लोग "निकलकर नाव पर चढ़े,[27] परन्तु उस रात[28] कुछ न पकड़ा" (यूहन्ना 21:3ग)। जैसा कि कोई भी मछली पकड़ने वाला आपको बता सकता है कि अच्छे से अच्छे मछुआरों के दिन (या रातें) ऐसे हो सकते हैं!

भोर होने से थोड़ा पहले, "यीशु किनारे पर खड़ा" (आयत 4क) था; परन्तु चेले, जो किनारे से लगभग एक सौ गज़[29] की दूरी पर थे (आयत 8), उसे पहचान न पाए (आयत 4ख)।[30] मसीह ने उन्हें पुकारकर कहा, "हे बालको,[31] क्या तुम्हारे पास कुछ खाने को है?" (आयत 5क)। उत्तर में "नहीं" (आयत 5ख) कहकर वे परेशान हो रहे होंगे।

यीशु ने फिर पुकारकर कहा, ''नाव की दाहिनी ओर जाल डालो, तो पाओगे'' (आयत 6क)। शायद मछुआरों को लगा कि किनारे पर खड़ा अजनबी वह देख सकता है, जो उन्हें दिखाई नहीं दे रहा था, जैसे कि पानी पर बनने वाली धारा यह संकेत देती है कि वहां मछलियों का बड़ा झुंड है। जो भी हो, उन्होंने उसके कहे अनुसार किया। जब उन्होंने जाल डाला, तो वह भरा हुआ था, और ''अब मछलियों की बहुतायत के कारण उसे खींच न सके'' (आयत 6ख)। उनका जाल ''एक सौ तिरपन बड़ी मछलियों से'' लदा हुआ था (आयत 11[32])।

दूसरे बेशक चकित होंगे,[33] परन्तु यूहन्ना को तीन साल पहले की ऐसी ही घटना याद होगी, जिसमें तीन अन्य मछुआरों के साथ, पूर्णकालिक सेवा के लिए प्रभु द्वारा उसे बुलाने के समय मछलियां आश्चर्यकर्म से पकड़ी गई थीं (लूका 5:1-11)। पतरस को यह कहते हुए कि ''यह तो प्रभु है'' (यूहन्ना 21:7) मैं उसकी आवाज़ में जोश देख सकता हूं।

''शमौन पतरस ने यह सुनकर कि प्रभु है, कमर में अंगरखा (जो उसने काम करने के लिए उतार दिया था[34]) कस लिया'' (आयत 7ख)। उसने मछलियां पकड़ने के लिए अपना वस्त्र उतारा हुआ था,[35] पर अब उसने उसे फिर पहन लिया। कपड़े पहनकर तैरना कठिन हो जाता है, लेकिन वह अपने प्रभु के लिए सम्मान प्रकट करना चाहता था। उसने किनारे पर वापस आने के लिए नाव की प्रतीक्षा नहीं की, बल्कि ''झील में कूद पड़ा'' (आयत 7ग) और तैरकर यीशु के पास आ गया। दूसरे भी ''डोंगी[36] पर मछलियों से भरा हुआ जाल खींचते हुए'' आ गए (आयत 8)।

किनारे पर पहुंचकर उन्होंने यीशु को ''कोयले की आग और उस पर मछली रखे हुए और रोटी देखी'' (आयत 9)।[37] प्रभु ने उन मछलियों में, जिन्हें वह पहले ही पका रहा था और मछलियां पकड़वाकर बढ़ा दीं (आयतें 10, 11)। सब कुछ तैयार हो जाने पर उसने कहा, ''आओ, भोजन करो'' (आयत 12क) और उन्हें दिया (आयत 13)। सब देख सकते थे कि ''यह प्रभु ही है'' (आयत 12ख) और वह जीवित है![38]

एक प्रेरित बहाल हुआ

जिस प्रकार प्रेरितों को पिछली बार के दर्शन में यीशु का मुख्य ध्यान थोमा पर था, वैसे ही इस दर्शन में पतरस पर था। सभी प्रेरितों में पतरस भविष्य के बारे में शायद सबसे अधिक आशंकित था। मैं उसके यह सोचने की कल्पना कर सकता हूं, ''क्या प्रभु अपना इनकार करने के लिए मुझे कभी क्षमा कर सकता है? क्या उसकी योजनाओं में अभी भी मेरे लिए कोई जगह है?'' नाश्ता करने के बाद (आयत 15क), यीशु इस प्रेरित को दूसरों से अलग ले गया।[39] फिर उसके बाद भावनाओं से भरा हुआ एक दृश्य बना।

प्रभु ने पहले पूछा, ''हे शमौन, यूहन्ना के पुत्र क्या तू इन से बढ़कर मुझ से प्रेम रखता है?'' (आयत 15ख)। कुछ लोगों का विचार है कि ''इन'' दूसरे चेलों के लिए कहा गया है; आखिर, पतरस ने शेष सबसे अधिक निष्ठावान होने का दावा किया था (मत्ती 26:33)। अन्यों का मानना है कि ''इन'' का अर्थ मछलियां पकड़ने के सामान से है; क्योंकि मसीह देख सकता था कि निराशा में पतरस अपने पिछले व्यवसाय में लौटने पर विचार कर रहा

था। यह महत्वपूर्ण नहीं है कि हम ''इन'' शब्द का अर्थ लिखें; यीशु के प्रश्न का अर्थ यह था कि ''तू मुझे *किसी भी वस्तु और व्यक्ति* से अधिक प्रेम करता है ?'' यह एक ऐसा प्रश्न है, जो हम में से हर एक को अपने आप से पूछना आवश्यक है।

पतरस ने उत्तर दिया, ''हां, प्रभु, तू जो जानता है'' (यूहन्ना 21:15ग)। यह प्रश्न पूछते हुए यीशु ने ''प्रेम'' के लिए सबसे ऊंचे यूनानी क्रिया *agapao* का इस्तेमाल किया था। यूहन्ना ने ''परमेश्वर प्रेम है'' (1 यूहन्ना 4:8) लिखते हुए *अगापाओ* के रूप का इस्तेमाल किया था। प्रेम की महानता के बारे में लिखते हुए पौलुस ने इसी शब्द के एक रूप का इस्तेमाल किया था (1 कुरिन्थियों 13)। परन्तु पतरस ने यीशु के प्रश्न का उत्तर देते हुए *phileo* अर्थात ''प्रेम'' के लिए मोह और मित्रता को दर्शाने वाले उससे कम महत्व के शब्द का इस्तेमाल किया है।[40] यीशु के कहने का अर्थ था, ''क्या तू सचमुच मुझ से *प्रेम* रखता है ?'' और प्रेरित ने जवाब दिया, ''हे प्रभु, तू तो जानता है कि मैं *तेरा मित्र* हूं।''[41] ''स्पष्टतया पतरस जो एक बार गिर गया था, अपने आप को समर्पण के उस उच्च स्तर के योग्य नहीं बना रहा था, जिसका *agape*[42] शब्द सुझाव देता है।''[43] मसीह ने पतरस के जवाब के बाद कहा, ''मेरे मेमनों को चरा'' (आयत 15घ)।

फिर यीशु ने दोबारा पूछा, ''हे शमौन, यूहन्ना के पुत्र, क्या तू मुझ से प्रेम रखता है ?'' (आयत 16क)। प्रेरित ने फिर उत्तर दिया, ''हां, प्रभु; तू जानता है कि मैं तुझ से प्रीति रखता हूं'' (आयत 16ख)। प्रभु ने कहा, ''मेरी भेड़ों की रखवाली कर'' (आयत 16ग)।

प्रभु ने तीसरी बार फिर पूछा, ''हे शमौन, यूहन्ना के पुत्र, क्या तू मुझ से प्रीति रखता है ?'' (आयत 17क)। इस बार यीशु ने *फिलियो* शब्द का इस्तेमाल करते हुए ''प्रेम'' के लिए उसी शब्द का इस्तेमाल किया, जिसे पतरस इस्तेमाल कर रहा था। यानी उसने पूछा, ''तू *सचमुच* मेरा मित्र है ?'' प्रेरित ''दुखी था'' कि मसीह ने उससे यह पूछा। उसने उत्तर दिया, ''हे प्रभु, तू तो सब कुछ जानता है: तू यह जानता है कि मैं तुझ से प्रीति रखता हूं'' (आयत 17ख)। अन्य शब्दों में, ''तू *जानता है* कि मैं तेरा मित्र हूं।'' मसीह ने कहा, ''मेरी भेड़ों को चरा'' (आयत 17ग)।

लेखकों ने सुझाव दिए हैं कि यीशु ने पतरस को तीन बार अपने प्रेम का अंगीकार करवाकर उसके तीन बार इनकार करने को रद्द कर दिया–और ऐसा हो भी सकता है। कम से कम शमौन के लिए यह स्पष्ट हो जाना चाहिए था कि उसके प्रभु ने उसे बाहर नहीं फैंका, बल्कि उसके पास अभी भी महत्वपूर्ण स्थान था। प्रेरित को दी गई चुनौती ''मेरे मेमनों को चरा,'' ''मेरी भेड़ों की रखवाली कर,'' और ''मेरी भेड़ों को चरा'' शब्दों में है (आयतें 15–17)। कलीसिया के आरम्भिक दिनों में, प्रेरित समस्त ''झुंड'' (परमेश्वर के सब लोगों) के लिए विशेष ''चरवाहों'' के रूप में कार्य करते थे।[44] बाद में, प्रेरित के रूप में पतरस की विशेष ज़िम्मेदारी के अलावा, उसने एक स्थानीय मण्डली में इसके एक चरवाहे (ऐल्डर या अध्यक्ष के रूप में; देखें 1 पतरस 5:1–4) के रूप में भी सेवा की।

यदि पतरस यीशु द्वारा दी गई भूमिका को लेने के लिए तैयार हो जाता, तो उसे कीमत चुकाने के लिए भी तैयार होना आवश्यक था और उसकी कीमत एक शहीद की मृत्यु थी।

मसीह ने प्रेरित के साथ इस बातचीत को जारी रखा:

> यीशु ने उस से कहा, ... मैं तुझ से सच-सच कहता हूं, जब तू जवान था, तो अपनी कमर बान्धकर जहां चाहता था, वहां फिरता था; परन्तु जब तू बूढ़ा होगा, तो अपना हाथ लम्बे करेगा, और दूसरा तेरी कमर बांधकर जहां तू न चाहेगा वहां तुझे ले जाएगा। उस ने इन बातों से पता दिया कि पतरस कैसी मृत्यु से परमश्ेवर की महिमा करेगा; और यह कहकर उससे कहा मेरे पीछे हो ले[45] (यूहन्ना 21:17ग-19)।

यीशु ने शब्दों के खेल का इस्तेमाल किया: आयत 18 में दूसरी बार "कमर बांधना" इस प्रेरित के शत्रुओं द्वारा उसे मृत्यु के लिए ले जाने के समय उसके हाथ बांधना था (मरकुस 15:1 से तुलना करें)। बाइबल से बाहर की परम्परा के अनुसार, चौंतीस वर्ष बाद पतरस को उलटा क्रूस पर लटका दिया गया।[46] यह परम्परा सच है या नहीं, परन्तु यूहन्ना 21:18 से स्पष्ट है कि यदि पतरस ने प्रभु के पीछे चलने की उसकी चुनौती को स्वीकार किया तो अपने विश्वास के लिए उसे एक दिन मरना पड़ा।

कहानी का अंत दृश्य में यूहन्ना के आने से होता है, जिसने पतरस के बहाल होने को देखा था।[47] पतरस ने यूहन्ना पर ध्यान दिया है, जो उनके पीछे था (यूहन्ना 21:20) और यीशु से पूछा, "हे प्रभु, इस का क्या हाल होगा?" (आयत 21)। अन्य शब्दों में, "आप ने यह संकेत दे दिया है कि मैं अपने विश्वास के लिए मरूंगा। यूहन्ना का क्या होगा? क्या वह भी एक शहीद की मौत मरेगा?" मसीह ने उसे बड़ा रुखा सा जवाब दिया, "यदि मैं चाहूं कि वह मेरे आने तक ठहरा रहे, तो तुझे क्या? तू मेरे पीछे हो ले" (आयत 22)। यीशु पतरस को उन बातों की पूछताछ न करने के लिए कह रहा था, जिनका कोई मतलब नहीं था। यूहन्ना की चिंता करने के बजाय, पतरस की दिलचस्पी यह सुनिश्चित करने में होनी चाहिए थी कि वह प्रभु के पीछे चलने की आज्ञा के प्रति *स्वयं* वफ़ादारी से बना रहेगा।

शायद पतरस ने यूहन्ना के बारे में कही गई यीशु की बात को दूसरों को बता दिया था, क्योंकि "भाइयों में यह बात फैल गई कि वह चेला न मरेगा" (आयत 23क)-यद्यपि यीशु ने ऐसा नहीं कहा था (आयत 23ख)। बाइबल से बाहर की परम्परा के अनुसार, केवल यूहन्ना ही एकमात्र प्रेरित था, जो स्वाभाविक मौत मरा। यदि यूहन्ना ने 90 के दशक में सुसमाचार का अपना वृत्तांत लिख दिया था,[48] तो उस समय उसकी आयु 90 वर्ष के लगभग थी, जो इस कहावत की विश्वसनीयता को बल देता है। शायद आत्मा ने यूहन्ना को अफवाह को दबाने के लिए 20 से 23 आयतों में टिप्पणियां जोड़ने में अगुआई दी।

कहानी में इस भाग को जोड़ने का परमेश्वर का जो भी उद्देश्य रहा हो, लेकिन इससे इस महत्वपूर्ण आयत के लिए परिचय मिल जाता है: "यह वही [जिसकी पतरस बात कर रहा था; अर्थात यूहन्ना] चेला है, जो इन बातों की गवाही देता है और जिस ने इन बातों को लिखा है और हम जानते हैं कि उसकी गवाही सच्ची है" (आयत 24)। इसकी भाषा बड़ी विशेष है[49] परन्तु संदेश बड़ा स्पष्ट है कि यूहन्ना ने जी उठे मसीह को *देखा था* और उसकी

गवाही पर यकीन किया जा सकता है। मसीह सचमुच मुर्दों में से जी उठा था!

सारांश

यीशु ने ''विश्वास दिलाने वाले बहुत से प्रमाणों से'' अपने चेलों पर साबित किया कि वह सचमुच जीवित था। फिर यूहन्ना ने (सुसमाचार के वृत्तांतों के अन्य लेखकों के साथ) इन घटनाओं को लिखा कि हम भी विश्वास लाएं (यूहन्ना 20:30, 31)। मेरी प्रार्थना है कि मत्ती, मरकुस, लूका और यूहन्ना की किताबें पढ़ने और उनका अध्ययन करने से आपके मन में विश्वास आए या आपके विश्वास को दृढ़ता मिले। यदि मसीह के जीवन का अध्ययन करने से अभी तक आपके मन पर असर नहीं हुआ है, तो आपको विश्वास दिलाने के लिए और क्या करना पड़ेगा?[50]

नोट्स

यह दो भागों वाले पाठ का पहला भाग है। अगला पाठ ''अलविदा-और स्वागत!'' इस पाठ का दूसरा भाग है। अगला भाग दोनों भागों के फालोअप के लिए बनाया गया है: स्वर्गारोहण पर एक प्रवचन जिसे ''महिमा में उठा लिया गया'' नाम दिया जाता है। यदि आप इन दो भागों को बिल्कुल ही अलग-अलग पाठों के रूप में इस्तेमाल करना चाहें तो आपको पहले भाग के बाद एक अतिरिक्त प्रवचन की आवश्यकता पड़ेगी। मेरा सुझाव यह होगा कि आप गलील की झील के किनारे यीशु के दर्शन देने पर प्रचार करें। आप इस प्रवचन को ''जब यीशु ने नाश्ता बनाया'' नाम दे सकते हैं। इससे यीशु की पतरस के साथ हुई बातचीत को दिखाया जा सकता है। वर्णनात्मक प्रवचन के लिए वचन में से आयतें चुनना एक स्वाभाविक पसंद है।

एक और सम्भावना थोमा पर पात्र प्रवचन देना होगा। संसार के अधिकतर लोग उसे ''संदेह करने वाला थोमा'' के रूप में जानते हैं, परन्तु उसमें बहुत कुछ सराहनीय था।[51] एक और सम्भावना बन्द कमरे में अपने चेलों के यीशु के दर्शनों के प्रैंटिस मियेडर का कहानी का ढंग यह होगा: ''मौत से डर लगने पर आप क्या करते?''[52]

टिप्पणियां

[1]फसह का पर्व पिन्तेकुस्त के पर्व से पचास दिन पहले आता था। यीशु फसह के बाद चालीस दिन तक चेलों के साथ रहा और फिर ऊपर उठाया गया; प्रेरितों को पिन्तेकुस्त से पहले के पहले दस दिन और प्रतीक्षा करनी थी। [2]यह दो भागों वाले पाठ का पहला भाग है। दूसरा भाग इस पुस्तक में आगे मिलता है। [3]वास्तव में, यूहन्ना 20:19 अपने आप में पक्के सबूतों में से एक है कि यूहन्ना ने समय की रोमी गणना का इस्तेमाल किया। अध्याय 19 में यूहन्ना ने खाली कब्र और मरियम मगदलीनी को दिखाई देने की कहानी तथा *फिर* प्रेरितों को दिखाई देने की कहानी लिखी। प्रेरितों को ''सप्ताह के पहले दिन ... संध्या के समय'' दिखाई देने का केवल एक ही ढंग हो *सकता* है, यदि यूहन्ना ने समय की रोमी गणना का इस्तेमाल किया है। [4]यीशु

निश्चय ही मध्यरात्रि तथा सूर्योदय के बीच जी उठा होगा, सो यहूदी गणना का इस्तेमाल किया गया हो या रोमी गणना का, यह ''सप्ताह का पहला दिन'' ही था। [5]कुछ लोगों का विचार है कि वे ऊपरी कमरे में वापस आ गए थे, जहां यीशु ने उनके साथ फसह खाया था। [6]मरकुस 16:14-19 में कई घटनाओं को मिला दिया गया है: प्रेरितों को मसीह का पहली बार दिखाई देना, ग्रेट कमीशन और ऊपर उठाया जाना। मरकुस के वृत्तांत से, यह पता चलेगा कि यह तीनों घटनाएं एक के बाद एक होती रहीं; परन्तु सुसमाचार के अन्य वृत्तांतों से हम जानते हैं कि यह तीनों घटनाएं लम्बे अंतराल में घटीं। [7]इस पुस्तक में पहले आए पाठ ''विश्वास करने में कठिनाई'' पाठ में चर्चा देखें। [8]मत्ती 14:26 की तुलना प्रेरितों 12:15 से करें। तनाव के समयों में, पिछले अंधविश्वास हावी हो सकते हैं। [9]यूहन्ना 17:18 देखें, जिसमें इस क्षण का पूर्वाभास था। [10]हमारे बजाय चेलों को यह अधिक सपष्ट होगा, क्योंकि ''आत्मा'' (*pneuma*) का अर्थ ''श्वास'' हो सकता है।

[11]पवित्र आत्मा ने उनके लिए क्या किया इस सम्बन्ध में ''मसीह का जीवन, भाग 6'' में पृष्ठ ... ''अंतिम तैयारियां'' पाठ देखें। [12]यूहन्ना 20:23 की भाषा मत्ती 16:19 और 18:18 से मेल खाती है, जहां सौदा *पहले* स्वर्ग में और *फिर* पृथ्वी पर होता है। [13]इब्रानी शब्द जिससे हमें ''थोमा'' मिला है और यूनानी शब्द *Didymus* दोनों का अर्थ ''जुड़वां'' है। थोमा का कोई जुड़वां भाई या बहन होगी। [14]यूहन्ना 17 में अपनी प्रार्थना में, यीशु ने एकता की आवश्यकता पर बल दिया (यूहन्ना 17:22, 23)। यह प्रार्थना सब विश्वासियों के लिए थी; परन्तु निश्चय ही यह प्रेरितों के लिए भी थी। [15]NIV बाइबल में ''एक सप्ताह के बाद'' है। समय के यूहन्ना के इस्तेमाल से, यह अगले सप्ताह का पहला दिन होगा। कुछ लोगों ने अनुमान लगाया है कि यीशु प्रेरितों पर पहले दिन के महत्व को दिखाना चाहता था, जो कि मुख्यतया पुरानी वाचा के परमेश्वर को समर्पित सातवें दिन की जगह आना था। [16]रॉबर्ट डंकन कल्वर, *द लाइफ़ ऑफ़ क्राइस्ट* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक हाउस, 1976), 277. पतरस और मारथा के अंगीकारों में मसीह के परमेश्वर होने का संकेत था (मत्ती 16:16; यूहन्ना 11:27), परन्तु थोमा का अंगीकार स्पष्ट था। [17]कुछ धार्मिकवादी यह दावा करते हुए कि यीशु ''*एक* ईश्वर'' था न कि ''परमेश्वर'' और उसके परमेश्वर होने से इनकार करते हैं। मूल भाषा में, थोमा ने यीशु को ''मेरा परमेश्वर'' कहा। यदि यीशु ''परमेश्वर'' नहीं था, तो उसे थोमा को डांटना चाहिए था। इसके विपरीत, उसने उसकी सराहना की। [18]जे. डब्ल्यू. मैक्गर्वे एण्ड फिलिप वाई. पैंडलटन, *द फ़ोरफ़ोल्ड गॉस्पल ऑर ए हारमनी ऑफ़ द फ़ोर गॉस्पल्स* (सिंसिनटी: स्टैंडर्ड पब्लिशिंग कं., 1914), 754. [19]इसमें वे स्त्रियां भी शामिल होंगी, जो कब्र पर गई थीं। उन्होंने यीशु के जी उठने के बारे में स्वर्गदूत की बात पर विश्वास किया था (मत्ती 28:5-8; लूका 24:22, 23) जबकि वह उन्हें अभी दिखाई भी नहीं दिया था (मत्ती 28:9, 10)। [20]क्योंकि यूहन्ना 20:30, 31 यूहन्ना की पुस्तक का अच्छा समापन होगा, इसलिए यह सुझाव दिया गया है कि यूहन्ना ने वहीं पर पुस्तक को खत्म कर दिया और अध्याय 21 बाद में जोड़ा गया, शायद यूहन्ना द्वारा या किसी और द्वारा। परन्तु हस्तलिपि का हर प्रमाण इस बात का संकेत देता है कि यूहन्ना 21 अध्याय आरम्भ से ही मूल हस्तलिपि का भाग था। यूहन्ना 20:30, 31 की तुलना पौलुस के *स्पष्ट* समापनों से की जा सकती है (उदाहरण के लिए देखें, फिलिप्पियों 3:1 और 4:8), जो बिल्कुल समापन नहीं थे। यूहन्ना 20:30, 31 जहां भी है वहां यूहन्ना 20:29 में यीशु के शब्दों के साथ मेल खाते हैं।

[21]*समूह के रूप में* प्रेरितों को यीशु का यह तीसरी बार दिखाई देना था; निश्चय ही, वह दूसरे लोगों तथा छोटे समूहों को भी दिखाई दिया था। [22]''मसीह का जीवन, भाग 2'' में पृष्ठ 176 पर ''गलील की झील'' लेख देखें। [23]नतनएल यीशु के आरम्भिक चेलों में से था (देखें यूहन्ना 1:43-51)। यह सुझाव दिया गया है कि ''नतनएल'' यीशु के बारह प्रेरितों में से एक बरतुल्मै का ही दूसरा नाम था। यह तथ्य कि नतनएल का नाम यहां कई प्रेरितों के साथ दिया गया है, इस थ्यौरी को समर्थन देता है। [24]क्योंकि यूहन्ना ने कहा कि यह ''तीसरी बार है कि यीशु ... चेलों को दिखाई दिया'' (21:14), सम्भव है कि अन्य प्रेरित उसी क्षेत्र में कहीं थे और नाश्ते के लिए उन सात के साथ मिल गए। [25]यीशु ने समुद्र के किनारे प्रचार किया था; उसने अपने कई अनुयायियों को समुद्र के किनारे बुलाया था; उसने समुद्र को शांत किया था; वह समुद्र के पानी पर चला था। [26]मैक्गर्वे एण्ड पैंडलटन, 755. [27]यह नाव किसकी थी? चेलों ने इसे भाड़े पर लिया हो सकता है। मेरा अनुमान है कि यह लोग वहां पर थे, जहां पूर्व मछुआरों के परिवारों के पास अभी भी मछलियां पकड़ने का अपना सामान था और उन्होंने पतरस और अन्द्रियास के परिवार या याकूब और यूहन्ना के परिवार से नाव उधार

ली।[28]गलील की झील पर मछलियां पकड़ना आम तौर पर रात के समय होता था। (देखें लूका 5:5) [29]यूनानी में दो सौ हाथ (देखें KJV) है। हाथ की लम्बाई लगभग डेढ़ फुट होती है, इसलिए दो सौ हाथ लगभग तीन सौ फुट या एक सौ गज़ होंगे।[30]एक बार फिर, यीशु के चेलों ने उसे पहचाना नहीं। इसके कुछ सम्भावित कारण ये हैं: वह उनसे कुछ दूरी पर था; उन्हें अभी उसकी उम्मीद नहीं होगी; अभी काफ़ी अंधेरा था।

[31]यहां इस्तेमाल किया गया यूनानी शब्द "बालको" के लिए नहीं, बल्कि "लड़को" के लिए है। NIV में "मित्रो" है।[32]पूरी-पूरी संख्या असामान्य है (साधारणतया हमें लगभग संख्या ही दी जाती है)। शायद यूहन्ना हमें यह बताना चाहता था कि यह "मछुआरे का अनुमान" नहीं था, बल्कि उसने मछलियों की गिनती की थी। आयत 11 में इस बात की ओर ध्यान दिलाया गया है कि इतनी मछलियां होने के बावजूद जाल नहीं फटा। यह इससे पहले आश्चर्यकर्म से मछलियां पकड़ने के समय जालों के फटने से अलग था (लूका 5:6); शायद जाल का न फटना आश्चर्यकर्म के एक भाग के रूप में समझा जाना चाहिए।[33]पहले ऐसी ही एक घटना में, मछुआरे आश्चर्यकर्म से मछलियों के पकड़ने पर चकित हुए थे (लूका 5:9)।[34]यूनानी बाइबल में "नंगा" है (देखें KJV); परन्तु, जैसा कि आम तौर पर होता है, यहां "नंगा" का अर्थ "पूरे कपड़े न पहने हुए होना" है। पतरस ने कुर्ता पहना हुआ होगा, परन्तु उसने प्रभु का स्वागत करने के समय इसे पर्याप्त वस्त्र नहीं माना।[35]जहां मैं रहता हूं वहां हम कहते हैं: "अपना कोट उतारकर काम करो!"[36]"डोंगी" छोटी नाव होगी जिसमें वे मछलियां पकड़ रहे थे; परन्तु कुछ लेखकों का मानना है कि उन्होंने मछलियां पकड़ने के बड़े बर्तन के पीछे एक छोटी नाव बांधी हुई थी, और वे छोटी नाव में बैठकर किनारे पर चले गए।[37]हमें यह नहीं बताया गया कि यीशु ने मछली या रोटी कहां से ली।[38]आयत 12 कहती है कि "चेलों में से किसी को साहस न हुआ कि उससे पूछे, 'तू कौन है?' " संदर्भ में, इसका अर्थ यह हो सकता है कि किसी के लिए भी यह पूछने *की आवश्यकता नहीं थी* कि वह कौन था, क्योंकि उत्तर सब को पता था। कुछ लोगों ने यह भी अनुमान लगाया है कि चेलों को यूहन्ना 14:9 जैसी डांट मिलने का डर था।[39]आयत 20 यह सुझाव देते हुए कि यीशु और पतरस दूसरों से दूर चले गए, यूहन्ना के "उनके पीछे" जाने की बात करती है।[40]"प्रेम" के लिए इन दो यूनानी शब्दों में अन्तर पर एक चर्चा डेविड एल. रोपर, *गैटिंग सीरियस अबाउट लव* (सरसी, आरकैंसा: रिसोर्स पब्लिकेशंस, 1992), 20–27, 34, 35 में दी गई है।

[41]द लिविंग बाइबल का वाक्यांश है "हां, प्रभु, ... तू जानता है कि मैं तेरा मित्र हूं।"[42]*Agape, agapao* का संज्ञा रूप है।[43]रोपर, 35. [44]वे परमेश्वर द्वारा नियुक्त यीशु अर्थात "प्रधान रखवाला" के प्रतिनिधि (1 पतरस 5:4) थे।[45]पतरस को यीशु की मूल चुनौती थी "मेरे पीछे चले आओ" (मत्ती 4:19)। यह *अभी भी* "मेरे पीछे हो ले!" ही थी (यूहन्ना 21:19, 22)। आज भी यह हर पुरुष व स्त्री, हर ज़िम्मेदार लड़के व लड़की के लिए चुनौती है।[46]परम्परा के अनुसार, पतरस अपने प्रभु की तरह क्रूस पर चढ़ाए जाने के लिए अपने आप को योग्य नहीं मानता था, सो उसने क्रूस पर उल्टे लटकाए जाने को चुना।[47]फिर, एक मान्यता यह है कि यूहन्ना ने अपने आप को "वह चेला जिससे यीशु प्रेम रखता था" कहा। परन्तु इस वचन में इस चेले की पहचान इस पुस्तक के लिखने वाले के रूप में हुई है (यूहन्ना 21:24), और हमें निश्चय है कि प्रेरित यूहन्ना ही इसका लेखक था।[48]"मसीह का जीवन, भाग 1" पृष्ठ 54 पर "यूहन्ना की पुस्तक: मसीह परमेश्वर का पुत्र" देखें।[49]इस आयत में अन्य पुरुष को उत्तम पुरुष के साथ और एक वचन को बहु वचन के साथ मिला दिया गया है। कुछ लोगों का विचार है कि यह इफिसुस की कलीसिया के अगुओं द्वारा जोड़ी गई सराहना है। हमें शायद इसे केवल पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा के यूहन्ना की परमेश्वर की प्रेरणा से लिख रही कलम के द्वारा स्वीकृति की मोहर मानना चाहिए।[50]इस अध्ययन का अन्तिम वाक्य आपकी क्लास में चर्चा के लिए बनाया गया है। यदि आपकी क्लास में अभी भी कोई ऐसा है, जो यह विश्वास नहीं करता कि यीशु परमेश्वर का पुत्र है, तो देखें कि उस में क्या रुकावट है और फिर उसका हल ढूंढ़ने का यही समय है।

[51]जुडसोनिया की मेरी क्लास में एक छात्र (फ्रांसिस डोनल) ने सुझाव दिया कि दूसरे प्रेरितों को विश्वास दिलाने से थोमा को विश्वास दिलाने में कम प्रमाण देना पड़ा: उसका मानना था कि उसने प्रभु को देखते ही विश्वास कर लिया (यूहन्ना 20:27, 28), जबकि उन्हें अतिरिक्त प्रमाण देने की आवश्यकता पड़ी थी (लूका 24:41–43)।[52]प्रैंटिस ए. मियेडर, जूनियर, *सरमन्स फ़ॉर टुडे,* अंक 2 (अबिलेन, टैक्सस: बिबलिकल रिसर्च प्रैस, 1981), 109–16.